शिकायत प्रकोष्ठ का हो गठन

आंदोलन

- भाकियू ने कलेक्ट्रेट में लगाई पंचायत, सौंपा ज्ञापन

कलेक्ट्रेट में धरना देते भारतीय किसान यूनियन के लोग।

जौनपुर : किसानों, मजदूरों व दलितों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने कलेक्ट्रेट ने पंचायत लगाई। जिलाधिकारी को 11 सूत्री ज्ञापन सौंपकर तहसीलों में किसान शिकायत प्रकोष्ठ के गठन की मांग किया।

वक्ताओं ने कहा कि किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील स्तर पर किसान शिकायत प्रकोष्ठ का गठन किया जाए। जिलेभर में बंद नलकूपों को ठीक कराया जाए एवं किसानों को 16 घंटे बिजली उपलब्ध कराया जाए। दो एकड़ तक के किसानों को बिजली मुफ्त मिले और भटहर अंबेडकर गांव में ट्रांसफार्मर लगाया जाए। उप स्वास्थ्य केंद्र अगहुआ पर तैनात एएनएम के अनुपस्थित रहने की जांच कराकर कठोर कार्रवाई की जाए।खाद्यान्न वितरण, शौचालय निर्माण आदि में अनियमितता की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

प्रमुख मांगों में जंघई से मछलीशहर मार्ग का मरम्मत कराया जाए। दो एकड़ तक के किसानों द्वारा लिए गए कर्ज माफ किए जाए। जिलेभर में मनरेगा के तहत कराए गए कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

पंचायत में अमरनाथ यादव, संजय शुक्ला, जितेंद्र कुमार प्रजापति, लालजी यादव, बृज मोहन यादव, विमल कुमार पांडेय, रणजीत यादव, राजेंद्र सिंह, राजित राम, शोभनाथ यादव, फूलचंद गांधी, अलगू राम, लालता प्रसाद, मालती देवी, दुर्गा गौतम, शिव राम मौर्य, मीना, जिलेदार मौर्य आदि थे।

कार्यकारिणी घोषित

जौनपुर : भारतीय जनता पार्टी सामाजिक न्याय मोर्चा के जिलाध्यक्ष उमाशंकर प्रजापति ने मंगलवार को अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दिया। इसमें संतोष कुमार विश्वकर्मा, महेंद्र कुमार यादव, डा.सुभाष प्रजापति, बंशीधर वर्मा, लाल प्रताप यादव व मुकेश चौहान जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र प्रताप चौहान, अशोक कुमार बिंद, अनिल कुमार मौर्य व ओमप्रकाश गुप्त महामंत्री, राम नरायन सेठ, रामसूरत राजभर, सुनील कुमार पटेल, मनोज कुमार निषाद, सुरेश गिरि व अजय कुमार को मंत्री तथा बसंत प्रजापति को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही 20 सदस्यों की भी घोषणा की।

मौसम ने उड़ाई किसानों की नींद

- आसमान में छाए रहे बादल, सुबह हुई बूंदाबादी

जौनपुर : मौसम ने मंगलवार को सुबह फिर पलटी खाया। बूंदाबादी के साथ ही आसमान में बादल छाए रहे। किसान फसलों के बर्बाद होने को लेकर परेशान हैं।

फरवरी माह में कई बार हुई बारिश, ओले और तूफान की चपेट में आने के चालीस फीसद से अधिक फसल बर्बाद हो चुकी है। बाकी बचे फसलों की देखरेख व सुरक्षित घर में पहुंचाने के लेकर किसान लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम का मिजाज फिर पलट गया। बूंदाबादी व आसमान में बादल देख लोग परेशान हैं। किसानों का कहना है कि अगर फिर बारिश हुई तो बची फसल भी नष्ट हो जाएगी।

जलालपुर क्षेत्र में बेमौसम हुई बारिश के कारण आलू, चना, मटर, सरसों, अरहर आदि की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। बर्बाद फसलों की क्षतिपूर्ति भी किसानों को नहीं मिला।

तेजी बाजार क्षेत्र के किसान मौसम के बदले मिजाज से परेशान हैं। किसान पृथ्वी पाल मौर्य का कहना है कि असमय बारिश से गेहूं को काफी क्षति हुई है। अब फसल पकने को हैं ऐसे में फिर बारिश हुई और ओले पड़े तो बची फसल भी नष्ट हो जाएगी।

मद्धिम पड़ी स्वास्थ्य महकमे की चाल

आपका कार्यालय

- मरीज करते रहे चिकित्सक का इंतजार
- पर्चा बनवाने को लेकर भी लोग दिखे परेशान

शाहगंज अस्पताल में चिकित्सक का इंतजार करते मरीज।

शाहगंज (जौनपुर) : 'दैनिक जागरण' टीम ने मंगलवार की सुबह पुरुष चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जानने का प्रयास किया। दिखाई पड़ा कि माया के फेर में स्वास्थ्य विभाग की चाल मद्धिम पड़ गई है।

जागरण टीम मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे पुरुष चिकित्सालय में पहुंची तो देखा निर्धारित समय सुबह के आठ बजे से एक घंटे बाद तक अधीक्षक डा.आरके यादव अपने चेम्बर में नहीं पहुंच सके थे। पता चला कि वे आवास पर ही मरीजों का उपचार कर रहे हैं।

करीब साढ़े दस बजे वे चेम्बर में पहुंचे। उनके चेम्बर के बाहर सुशीला हुब्बीगंज, दिलीप कुमार निजमापुर, राम आसरे भड़सरा, मुन्नीलाल नटौली, आसुतोष व अंश तिवारी गैरवाह, मुफीज अहमद मकसूदिया डा.आरके यादव का इंतजार कर रहे थे। महिला चिकित्सक डा.शोभना दूबे करीब दस बजे चिकित्सालय में पहुंची। डा. एमके गुप्ता ट्रेनिंग पर जौनपुर गए थे। डा.यूके सान्याल छुट्टी पर थे।

एक तरफ सुस्ती तो दूसरी ओर मुस्तैदी भी दिखी। डा.एसएस पांडेय अपने चेम्बर में मरीजों का उपचार कर रहे थे। डा.आरके वर्मा भी ड्यूटी पर थे। पर्चा बनवाने के लिए भी मरीज परेशान थे। स्वास्थ्य महकमे में उदासीनता व लापरवाही के चलते खबरें अखबार की सुर्खियां बनती रहती हैं लेकिन व्यवस्था में सुधार होता नहीं दिखता। वरिष्ठ विभागीय अधिकारी भी अपने कर्तव्यों से मुख मोड़े बैठे दिखाई पड़ रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो कुछ न कुछ तो सुधार अवश्य दिखाई पड़ता।

जागरण टीमः विक्रम सिंह 'विक्की', इकरार खान।

एक नजर

जीवन में ज्ञान यज्ञ ही सर्वश्रेष्ठ

मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर) : सृष्टि पैलेस में चल रही कथा के तीसरे दिन प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउण्ट आबू राजस्थान से आईं राजयोगिनी ऊषा दीदी ने कहा कि ज्ञान यज्ञ ही सभी यज्ञों में सर्वश्रेष्ठ है जिससे मनुष्य अपने विकर्मों का दाह कर सकता है। उन्होंने कहा कि कर्मों की गति जानने वाला ही कर्म, अकर्म व विकर्म में अंतर समझ पाता है। इसके लिए ज्ञान की आवश्यकता होती है। सम्मान देने वाले को स्वतः सम्मान की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष कपिलमुनि, सभासद अश्वनी कुमार गुप्त, कामता प्रसाद यादव, राजेश गुप्त, शिव शंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

स्काउट-गाइड प्रकृति प्रेमी

जौनपुर : भुनेश्वर महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को संपन्न हो गया। वक्ताओं ने कहा स्काउट-गाइड प्रकृति प्रेमी होते हैं। मुख्य अतिथि प्रबंधक विरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि सच्ची सेवा भावना एवं देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना ही एक सच्चे स्काउट का कार्य है। अध्यक्षता प्राचार्य जीआर यादव तथा संचालन डा. संजय यादव ने किया। उमेंद्र, शिवेंद्र, शिव शंकर, रेखा देवी, अरविंद यादव, जयहिंद यादव, हरीनाथ यादव, लालचंद्र आदि थे। अंत में प्रशिक्षक राकेश यादव ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

छेड़खानी कर रहे मनचले पिटे

सिरकोनी (जौनपुर) : जलालपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव की छात्राएं मंगलवार की सुबह विद्यालय जा रही थी कि मनचलों ने अंबेडकर तिराहे पर छात्राओं के साथ छेड़खानी करना शुरू कर दिया। जिस पर छात्राओं ने विरोध किया तब जाकर मनचले वहां से खिसक गए। विद्यालय से लौटने के बाद छात्राओं ने परिजनों को सूचना दिया जिस पर नाराज परिजनों ने पहुंचकर मारपीट कर शुरू कर दिया। इसमें आठ लोग घायल हो गए।

आमरण अनशन आज

जौनपुर : देश में भ्रष्टाचार, राष्ट्रहित, लोक हित, जनहित आदि सात सूत्री मांग को लेकर भारत बचाओ अभियान के तत्वावधान में 26 मार्च से अनशन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए संयोजक राजकुमार ओझा ने बताया कि गांधी प्रतिमा के सामने लगातार 48 घंटे तक अनशन होगा।

सबमर्सिबल बन रहा भूजल के लिए काल

- बूंद-बूंद कर गिरता है नलों से पानी

सिंगरामऊ (जौनपुर) : गर्मी जिस किसी वजह से तकलीफदेह होती है, उनमें एक है पीने के पानी का संकट। जल स्तर नीचे खिसका तो कुएं सूख जाते हैं। हैंडपंप नहीं है तो आदमी और जानवर महज कुएं एवं नदी के सहारे ही रह जाते हैं। प्रचंड गर्मी की प्यास यह नहीं देखती कि क्या शुद्ध और क्या अशुद्ध।

पानी का महत्व सिर्फ प्यासा ही नहीं बल्कि हर कोई जानता है। परंतु इसका संरक्षण करने वाले बहुत ही कम हैं। यह माना जा रहा है कि अब तो बाजारों में घर-घर एवं गांव में हर दूसरे घर सबमर्सिबल लगा है। जहां लगा है वहां पानी की अघोषित बर्बादी। पानी की कमी की कहानी यहीं से शुरू होती है। सामान्य परिवार में प्रतिदिन लगभग 15 सौ लीटर पानी बर्बाद होता है। यह बर्बादी की जड़ कहीं न कहीं से सबमर्सिबल ही है। हर घर में यह दो से तीन घंटे चलता है जबकि महज पंद्रह मिनट में ही टंकी भर जाती है।

भावी पीढ़ी का जल संकट

यदि सबमर्सिबल भूजल के लिए काल बन रहा है तो इसमें कहीं न कहीं से हम सब दोषी हैं। इससे जल स्तर नीचे जा रहा है। बिजली की अनावश्यक अधिक खपत हो रही है। भविष्य में इसके दुष्परिणाम हो सकते हैं। पानी आसानी से उपलब्ध हो रहा है इसी वजह से उसका दोहन किया जा रहा है। भावी पीढ़ी को जल संकट से बचाने के लिए हमें पानी के दुरुपयोग से बचना होगा।

अमीर-गरीब की पहचान

आपके घर सबमर्सिबल लगा है आप पाइप लिए पानी को बर्बाद कर रहे हैं तो आप निश्चित ही अमीरों की श्रेणी में आयेंगे। यदि डिब्बा लेकर लाइन में लगे हो कि बड़े साहब पानी की पाइप इधर भी घुमा देते तो समझो पानी पी लिया। यह श्रेणी गरीबों की है। यह दोनों में अंतर स्थापित करने को काफी है।

खेलकूद से बच्चों का सर्वांगीण विकास

शाहगंज (जौनपुर) : खेलकूद के कार्यक्रमों से बच्चों के चरित्र का सर्वांगीण विकास होता है। इससे उनके अंदर छुपी प्रतिभाएं उभरकर सामने आती हैं।

उक्त बातें मंगलवार को न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद एवं सहगामी क्रियाओं की प्रतियोगिता के दौरान भादी प्राथमिक विद्यालय में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आरपी यादव ने व्यक्त किया।

उन्होंने शिक्षकों से शिक्षा के साथ ही साथ बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास करने का भी आह्वान किया। आयोजन में कबड्डी व दौड़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। संचालन उमेश चंद्र यादव व गरिमा सिंह ने किया। आयोजन में दिनेश कुमार यादव, संगीता देवी, सुभाष चंद्र, रत्नेश कुमार सिंह, ओम प्रकाश यादव, हरि प्रसाद गुप्ता, नीतू सिंह रहीं। संचालन उमेश चंद्र यादव व गरिमा सिंह ने किया।

नियुक्ति के बाद मानदेय का इंतजार

- जिला बाल संरक्षण कार्यालय
- कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट

जौनपुर : जिला बाल संरक्षण कार्यालय के कर्मचारियों को नियुक्ति के बाद अब तक मानदेय का भुगतान नहीं मिला है। इससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

जुलाई 2013 में उक्त कार्यालय में संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। नियुक्त नौ कर्मचारियों को बाल संरक्षण का कार्य देखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। कर्मचारी भी अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करने लगे। इससे जिले की प्रगति शासन में अच्छी दर्ज की गई।

उक्त कार्यालय में कई जिला बाल संरक्षण अधिकारी आए और चले गए, किंतु अभी तक कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिला है। हाल ही में उक्त कर्मचारियों के अंकपत्र उच्चाधिकारी ने मांग लिया है। इसे लेकर कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। कुछ कर्मचारियों ने बताया कि उक्त अधिकारी हम लोगों की नियुक्ति को गलत मान रहे हैं जिसके जांच कराने के लिए अंकपत्र मांग रहे हैं।

अब सवाल यह उठ रहा है कि यदि कर्मचारियों की नियुक्ति गलत तरीके से की गई तो अब तक उक्त विभाग का कार्य यही कर्मचारियों ने कैसे किया। जो कर्मचारी अपनी नियुक्ति गलत तरीके करवा सकता है वह विभाग के कार्य को कैसे सही तरीके से करता होगा और शासन में जिले की कैसे अच्छी प्रगति हुई होगी।

जांच के बाद दिया जाएगा मानदेय

प्रभारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी एसएन सिंह ने कहा कि उक्त कर्मचारियों को नियुक्ति के बाद पहली बार मानदेय दिया जाना है। इसके लिए उनके अंकपत्र मांगे गए हैं जिसके जांच कराने के बाद ही उन्हें मानदेय दिया जाएगा।

मजलिस में शायर करेंगे अकीदत पेश

जौनपुर : मोहल्ला हमाम दरवाजा स्थित जाम-ए-इमानिया नासिरिया अरबी कालेज के अध्यक्षता में हुई। इसमें विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी हजरत मोहम्मद साहब की इकलौती बेटी जनाबे फात्मा जहरा की वफात पर तीन दिवसीय आल इंडिया पैमाने पर मजलिसों का आयोजन किया गया है। इसमें हिंदुस्तान के मशहूर व मारुफ ओलमा व जाकरीन (शिया धर्म गुरु) व सोजख्वान सैय्यद हसन अली जैदी मुजफ्फरनगर तसरीफ ला रहे हैं। इनके अलावा जौनपुर के मशहूर शायर नजराने अकीदत पेश करेंगे।

जनाब महफूजुल हसन खां ने विस्तार से बताया कि कार्यक्रम सुबह 8 बजे से 1 बजे दोपहर तक एवं सायं 4 बजे से 6 बजे एवं सायंकाल 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक चार चरणों में तीनों दिन चलेगा बैठक में मौलाना जोहर कैन, मौलाना मोहम्मद मुस्तफा, मौलाना नासिर मेहदी, मौलाना नजफ अली, अजहर आजमी, जैद सईफ, अकबर अली, तहसीन हैदर (नजमी) मौजूद थे।

रात तक देयक बिल जमा करते रहे अधिकारी

- मुख्य कोषागार में आहरण वितरण अधिकारियों का लगा रहा जमावड़ा

वित्तीय वर्ष के देयक बिल जमा करने के अंतिम दिन कोषागार में लगी कर्मचारियों की भीड़।

जौनपुर : चालू वित्तीय वर्ष समाप्त होने हैं। लिहाजा सभी सरकारी विभागों में कामकाज की सालाना प्रगति रिपोर्ट को अंतिम टच दिया जा रहा है। मंगलवार को रात आठ बजे तक मुख्य कोषागार खुला रहा जहां सभी विभागों के आहरण वितरण अधिकारी सभी प्रकार के देयक बिल जमा करते रहे।

गौरतलब हो कि चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम सप्ताह होने के चलते विकास कार्य से जुड़े सभी विभाग पूरे साल का लेखा-जोखा तैयार करते हैं। पूरे साल में विभागीय कार्यों की भौतिक व वित्तीय प्रगति तैयार कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाती है। इसके क्रम में मंगलवार को सुबह से ही अधिकारी कर्मचारी पटल पर चिपक कर कामकाज निपटाते दिखे। कुछ कर्मचारी नए वित्तीय वर्ष की कार्य योजना बनाने में जुटे थे तो अधिकांश देयक बिल तैयार करने में। दोपहर बाद मुख्य कोषागार में सभी विभागों के आहरण वितरण अधिकारी देयक बिल के साथ पहुंचने लगे। रात आठ बजे तक कलेक्ट्रेट, विकास भवन, पीडब्लूडी, कृषि सहित अन्य विभागों में आहरण वितरण अधिकारियों ने सभी प्रकार के देयक बिला जमा कर दिया।

वरिष्ठ मुख्य कोषाधिकारी संजय राय ने बताया कि रात आठ बजे तक कोषागार खुला रहा। देयक बिल जमा करने वाले सभी आहरण वितरण अधिकारियों को टोकन उपलब्ध करा दिया गया।

शिविर में किया स्वास्थ्य परीक्षण

मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर) : क्षेत्र के गरियांव स्थित पंचायत भवन पर सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दो सौ रोगियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान विशेषज्ञ डा. रोहित सिंह, डा.वेद प्रकाश, डा.चंद्रभान आदि उपस्थित थे।

विदेशों में रोजगार सऊदी अरब
English Civil Construction Co.
Final Client Interview : Lucknow Gorakhpur Delhi & Mumbai
400 शटरिंग कारपेंटर
कम खर्च • पक्का वीज़ा
ईंगलिश मैनेजमेन्ट • रोजाना 2 घंटे ओवरटाईम
रहना – खाना फ्री • मेडिकल इंश्योरेन्स
फाईनल क्लाईन्ट इंटरव्यू सुबह 10 बजे से इच्छुक कारीगर नीचे लिखे पते पर ओरिजनल दस्तावेज, बायोडाटा, सर्टिफिकेट, पासपोर्ट, फोटो के साथ पहुंचें।
त्रेहन इन्टरनेशनल कन्सल्टेंट्स एण्ड इंजीनियर्स (प्रा0) लिमिटेड
लखनऊ पहली मंजिल, 512/698 सी, अल्फा सेंटर, गली नं0 1, बालदा रोड, निशातगंज ✆: 0522-6595111, 9793247744 30 मार्च रविवार
गोरखपुर राज सिनेमा कम्पाउन्ड, विजय चौक, गोरखपुर ✆: 0-9235463804, 9235463805 28-29 मार्च शुक्र–शनि
दिल्ली 103 राजा गार्डन, रिंग रोड, नई दिल्ली-15 ✆: 011-45655000 26-27 मार्च बुध–गुरु
मुम्बई डी 109, क्रिस्टल प्लाज़ा, इनफिनीटी मॉल के सामने, न्यू लिंक रोड अन्धेरी (पश्चिम) ✆:022-45655000, 09833380067 1-2 अप्रैल मंगल–बुध
3880/DEL/COM/1000+/3/5374/99

दर्द है तो नूरामेन्ट है ना!
नूरामेन्ट
तेल एवं क्रीम
बदन दर्द
कमर व पीठ दर्द
जोड़ों का दर्द
जलने व कटने पर
नूरामेन्ट
जोड़ों, घुटनों व बदन दर्द, चोट-मोच-सूजन तथा कटने व जलने एवं मच्छर के काटने पर तुरन्त आराम
Rahat राहत हर्बल इण्डस्ट्रीज 0532-2697131, 9935019690

पूविवि के छात्र का विदेशों में डंका

वैज्ञानिक साथियों के साथ पूर्वांचल विवि के पूर्व छात्र डा.ज्ञानेश्वर चौबे। (दाएं से दूसरा)

- युवा वैज्ञानिक के रूप में विश्व-विख्यात हो रहे डा.ज्ञानेश्वर
- जर्मनी में दुनिया के यंग रिसर्चर हो चुके हैं सम्मानित

दीपक उपाध्याय

जौनपुर : पूर्वांचल की माटी से निकले डा. ज्ञानेश्वर चौबे की पहचान देश ही नहीं विदेशों में है। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से शिक्षा ग्रहण करने वाले इस छात्र ने विज्ञान के क्षेत्र अपने काम की बदौलत विश्व में उपलब्धियां बटोर कर शिक्षा संस्थान का नाम बढ़ाया है। जर्मनी में वर्ष 2011 में उन्हें यंग रिसर्चर से सम्मानित किया गया।

वाराणसी के चौबेपुर के सेंगुलपुर निवासी डा.ज्ञानेश्वर ने वर्ष 2003 में पूर्वांचल विश्वविद्यालय में एमएससी बायोटेक्नालॉजी का कोर्स किया। पढ़ने में मेधावी होने के कारण इनका चयन सीसीएमबी हैदराबाद में एक प्रोजेक्ट में हुआ। इस दौरान उन्होंने नेट, गेट की भी परीक्षा को पास किया। इसके बाद इनका चयन स्टोनिया बायो सेंटर टार्टू स्टोनिया हो गया। जहां से पीएचडी पूरी करने के बाद वह वर्तमान में वरिष्ठ वैज्ञानिक के रुप में काम कर रहे है। इनका शोध मानव की उत्पत्ति व विकास, मनुष्य का आगमन व उसकी विभिन्नता सबसे प्रसिद्ध है। जिसमें उन्होंने भारत की विभिन्न जातियों के उद्गम व स्थानांतरण पर काम किया है। वह इस विषय के दक्षिण एशिया देश (भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, इंडोनेशिया, मलेशिया, लंका, बांग्लादेश, नेपाल व अन्य) के जाने माने विशेषज्ञ है।

स्टोनियन बायो सेंटर में काम करते हुए वह दक्षिण व दक्षिण पूर्वी एशियन रिसर्च अध्ययन समूह का नेतृत्व कर रहे है। अब तक उनके शोध पत्र साइंस, नेचर, प्रोसिडिंग ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस यूएसए, अमेरिकन जर्नल्स ऑफ ह्यूमन जेनेटिक, बायो एसेस समेत कई प्रतिष्ठित जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके है।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व प्रभारी कुलपति व बायोटेक्नालॉजी के प्रोफेसर डीडी दूबे ने कहा कि ज्ञानेश्वर ने कम उम्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इससे विभाग ही नहीं विश्वविद्यालय का नाम रोशन हो रहा है।

एक नजर में

- ● उच्च स्तर के 40 शोध हो चुके है प्रकाशित।
- ● वर्तमान में वह पब्लिक लाइब्रेरी ऑफ साइंस के एकेडमिक एडिटर हैं।
- ● उच्च स्तर के 30 से अधिक शोध पत्रिकाओं में मूल्यांकन करते है।
- ● क्रैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, फ्रांस नेशनल म्यूजियम आफ नेचुरल हिस्ट्री, ढाका यूनिवर्सिटी बांग्लादेश समेत दो दर्जन देशों में विशेष व्याख्यान कर चुके है।
- ● इनके शोध का 951 जगहों पर किया गया है उल्लेख।

हंगामा कर ग्रामीणों ने रुकवाया निर्माण कार्य

मड़ियाहूं (जौनपुर) : कोतवाली क्षेत्र के मईडीह में हो रहे उच्च प्राथमिक विद्यालय के दो कक्ष के निर्माण कार्य को मंगलवार को ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए रोक दिया। आरोप था कि निर्माण कार्य में घटिया किस्म की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

ग्राम प्रधान राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण विद्यालय पहुंचे। घटिया किस्म की सामग्री एवं मानक के विपरीत निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाते हुए हंगामा मचाना शुरू कर दिया। बाद में कार्य को बंद करा दिया। श्री शर्मा ने बताया कि अन्य विद्यालय के अध्यापक द्वारा यह निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिस पर चार लाख से अधिक रुपये भी अवमुक्त हो गया है परंतु मानक के हिसाब से निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है। इसके चलते भवन बनेगा तो कभी भी धराशाई हो जाएगा।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए निर्माणाधीन भवन की जांच कराने की मांग किया। इस दौरान जयप्रकाश, सोनू, मोनू, हीरावती देवी, ओमप्रकाश, जसवंत, गोलू, छोटू, बृजेश आदि उपस्थित थे।

कुरीतियों का होलिका के साथ हो दहन

खुटहन/शाहगंज (जौनपुर) : खुटहन के गढ़ा गोपालापुर गांव में सत्य नारायण तिवारी के आवास पर सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

प्रसिद्ध गायक नागेश्वर चतुर्वेदी ने 'पिया अबकी विदेश जो जाय चुनर लेइ आय' सुनाकर लोगों को भाव विह्वल कर दिया। वहीं सुनील चतुर्वेदी, मुदित, रूदल ने 'होली खेलइ अवध में रघुबीरा' सुनाकर जमकर तालियां बजवाई।

मुख्य अतिथि बसपा प्रत्याशी सुभाष पांडेय ने कहा कि होली समानता का त्योहार है। जो हमें निरंतर एक साथ मिलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश को आज भी सामंतवादी विचारधाराएं पीछे की तरफ ढकेल रही हैं। इसका होलिका दहन के साथ इस तरह की कुरीतियों का दहन किया जाना नितांत आवश्यक है।

इस मौके पर सागर दूबे प्रधान, राम जियावन तिवारी, राम अनंद पांडेय, अमरनाथ तिवारी, मानिक चंद्र, शेष नारायण, श्रीपाल पांडेय आदि मौजूद रहे।

- होली देती है प्रेम का संदेश

अध्यक्षता पूर्व प्रधान तिलकधारी तिवारी व संचालन प्रमोद पांडेय ने किया।

होली प्रेम संदेश देता है। यह त्योहार लोगों को आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे के गले मिलवा देता है।

उक्त बातें सोमवार की रात जेसीआइ शाहगंज सिटी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी अजीत कुमार आर्य ने व्यक्त किए।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन ओम प्रकाश जायसवाल, संस्था के अध्यक्ष कृष्णा जायसवाल, लालचंद्र यादव, प्रेम नारायन जायसवाल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में कार्यक्रम संयोजक सुधांशु श्रीवास्तव व संदीप जायसवाल ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर सौरभ सेठ, संगीता जायसवाल, रविंद्र दूबे, एजाज जाफरी, पुष्कर जायसवाल, दीपा सेठ, अलका गुप्ता आदि रहीं।

न्यायालय के निर्णय के बाद मनाया जश्न

- टीइटी संघर्ष मोर्चा ने बांटी मिठाई, एक-दूसरे को लगाया अबीर-गुलाल

जौनपुर : सरकार की याचिका के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय सुना दिया। न्याय पालिका ने बहुप्रतीक्षित टीइटी मामले के पुराने विज्ञापन को बहाल कर दिया। जिसे लेकर टीइटी संघर्ष मोर्चा में जश्न का माहौल है। मंगलवार को मोर्चा के पदाधिकारियों ने मिठाई बांटी और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

मोर्चा के सभी पदाधिकारी टीडी कालेज के समीप स्थित मारुति मंदिर पर उपस्थित हुए। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर जीत की बधाई देते हुए गले मिले। इस मौके पर मोर्चा के अध्यक्ष शशांक सिंह ने कहा कि राज्य सरकार टीइटी मेरिट की विधिक सत्यता को झूठा साबित करने की नाकाम कोशिश कर रही थी लेकिन अंततः सत्य की जीत हुई। अंत में उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

JAGRAN INSTITUTE OF MANAGEMENT AND MASS COMMUNICATION
Jagran An educational initiative of दैनिक जागरण
JIMMC Celebrating 10 YEARS Media Education With A Social Passion
JIMMC
COLLEGE of ANIMATION & JOURNALISM
Here is what our ex-students are doing now:
Priyank
VFX Lead Artist
Red Chilles VFX
Ramesh Bhatt
Anchor
News Nation
Ashutosh Jha
Deputy Chief Reporter
Dainik Jagran
Geetika Thakur
Brand Service Director
Lowe Lintas
JIMMC Courses
Mass Communication
‣ Bachelor's Degree
‣ Master's Degree
‣ P.G.D. in Advt. & PR (1yr)
‣ P.G.D. in T.V. Journalism (1yr)
‣ P.G.D. in Print Journalism (1yr)
‣ Diploma in Journalism (2yrs)
Multimedia/Animation Diploma
‣ Game Art Development (2yrs)
‣ 3D Animation & Digital FX (2yrs)
‣ 2D Animation (2yrs/1yr)
‣ Graphics & Web Designing (2yrs./1yr)
‣ 3D Animation (1yr)
‣ Editing & Compositing (1yr)
‣ 3D Modelling & Texturing (1yr)
ADMISSION NOTICE 2014-15 Session
For details visit our website: www.jimmc.in
Or call us
K Anand- 09650639406, J Negi-08527473264
Jagran Institute of Management & Mass Communication (JIMMC), F- 33, Sector-6 Noida - 201301, Ph. 0120-2423950/ 51/ 52, Email: admissions.jimmc@gmail.com
Kanpur Campus: JIMMC & JIDA, 620, W-Block, Saket Nagar, Juhi, Kanpur-208014, Ph: 0512-3243043 / 44